हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 20 जनवरी 2026

04 पुलिस ने किया अंधे कत्ल का खुलासा



08 गुर्जर महिलाएं अब घर की चौखट लांघकर समाज सेवा...





### खस्ताहाल तीन शवदाह ग्रह की जगह 12 नए शवदाह ग्रह का निर्माण होगा



# कायाकल्प: अब राजघाट को संवारने की तैयारी में जुटी नगर पालिका

राजघाट पर अंतिम संस्कार की व्यवस्थाएं लंबे समय से अव्यवस्थित पड़ी हैं। जिसे नया स्वरूप दिया जा रहा है। राजघाट के कायाकल्प का कार्य 3 करोड़ रूपए की लागत से हो रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अब नर्मदापुरम वासियों को दुखद घड़ी में अपनों को अंतिम विदाई देने के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। नगर पालिका राजघाट का कायाकल्प करने जा रही है। खस्ताहाल तीन शवदाह ग्रह की जगह 12 नए शवदाह ग्रह का निर्माण हो रहा हैं। इसके अलावा राजघाट में अंतिम विदाई के लिए आने वालों का भी ध्यान रखा जा रहा है। राजघाट के सौंदर्यीकरण के साथ तमाम जरूरी सुविधाएं जुटाई जाएंगी। इसके लिए नगर पालिका ने 3 करोड़ खर्च का प्रावधान रखा है। राजघाट का कायाकल्प काशी और उज्जैन बने मुक्तिधाम की तर्ज पर किया जा रहा है।


### अभी नर्मदा तट पर हो रहे अंतिम संस्कार



राजघाट सभी प्रकार की सुविधाओं से विकसित होगा। कायाकल्प का काम शुरू हो चुका है। योजना के तहत अब 12 शवदाह ग्रह बनाए जा रहे है ताकि एक साथ कई अंतिम संस्कार सुचारू और सम्मानजनक हो सके। ताकि बारिश के दिनों में अंतिम संस्कार करने में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े। नर्मदापुरम धार्मिक नगरी होने के कारण यह काम आस्था को ध्यान में रखकर किया जा रहा हैं। अभी अंतिम संस्कार नर्मदा किनारे हो रहे ।


### अभी गंदगी से सना पड़ा रहता है

जिंदगी का आखिरी पड़ाव महंगाई और मनमानी के साथ ही बदहाल पड़ा हुआ है लेकिन अब इसके भी दिन फिरने वाले हैं। अभी तक जनप्रतिनिधि और अफसरों की नाकामी से राजघाट का मुक्तिधाम जर्जर और गंदगी से सना पड़ा रहता है। जिस पर अंतिम संस्कार हो रहे हैं। लेकिन राजघाट को आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है, जिसकी लागत करीब 3 करोड़ रूपए है, जो आगामी कुछ ही माह में बनकर तैयार हो जाएगा। जिसमें शवदाहग्रह स्टैंड के साथ ही राजघाट में स्वच्छ पेयजल, आधुनिक शौचालय, मुंडन एवं कर्मकांड कक्ष, बैठने के लिए शेडयुक्त प्रतिक्षालय, पर्याप्त लाइटिंग, व्यवस्थित पार्किंग आदि शामिल हैं। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव ने बताया कि राजघाट का कायाकल्प 3 करोड़ की लागत से किया जा रहा है, जो काशी और उज्जैन की तर्ज पर हो रहा है।



## पचमढ़ी: 19 में से 17 दिन रात का पारा रहा 7 डिग्री सेल्सियस के नीचे

### घने कोहरे के बीच हो रही पचमढ़ी की सुबह



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी/नर्मदापुरम

पिछले वर्षों पर नजर डालें तो दिसंबर और जनवरी में ठंड एक जैसी ही महसूस होती थी, लेकिन इस वर्ष दिसंबर की अपेक्षा जनवरी में हिल स्टेशन पचमढ़ी में रात का पारा बीते 19 दिनों में 17 दिन 7 डिग्री सेल्सियस के नीचे दर्ज हुआ है।

जिसमें 16 जनवरी को 3.8 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं अधिकतम में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। नर्मदापुरम में जनवरी के शुरूआत में सर्दी देखने को मिली थी, जिसमें 6 जनवरी को नर्मदापुरम का न्यूनतम तापमान 8 डिसे दर्ज हुआ था।

#### पचमढ़ी के बाहरी इलाकों में कोहरे का सितम

'सतपुड़ा की रानी' कहे जाने वाले पचमढ़ी में इन दिनों मौसम का मिजाज बदला-बदला नजर आ रहा है। पचमढ़ी के बाहरी क्षेत्रों और जंगली रास्तों पर सुबह के समय घने कोहरे की चादर लिपटी दिखाई दे रही है, जिससे प्राकृतिक सुंदरता तो बढ़ गई है। साथ ही सैलानियों को यह मौसम लुभा रहा है। हसीन वादियों की सैर करने आने वाले सैलानी मौसम के मिजाज का आनंद ले रहे हैं। इसके साथ ही व्यंजनों का भी स्वाद उन्हें भा रहा है।

## 52 ताश के पत्तों पर किस्मत आजमा रहे 12 पकड़ाए, 25 हजार से अधिक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

52 ताश के पत्तों पर अपनी किस्मत आजमा रहे 12 जुआरियों को कोतवाली पुलिस ने बालागंज स्थित नासिर अली के घर से धरदबोचा है। जिनके पास से ताश के पत्तों सहित नगदी 25500 रूपए भी जप्त हुए हैं। यह 12 आरोपी नासिर अली, सोयेब अली, अर्जुन यादव, अरमान खान, परवेज अली, नईम खान, शादाब अली, राजेश मीना, इकबाल शाह, अशरफ अली, मो. सैफअली, रितेश गौर शामिल हैं। सभी नर्मदापुरम के रहवासी हैं। पुलिस ने इन्हें रंगे हाथों पकड़ा है। कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार 18 जनवरी रात 8 बजे यह आरोपी जुंआ की फड़ सजा बैठे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने दबिश दी और रात 11 बजे इन पर पब्लिक गैमलिंग अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

### नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर लहराया 100 फिट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा



**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम अमृत भारत रेलवे स्टेशन पर 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा सोमवार को दोपहर में पुनः रेलवे की टेक्निकल टीम ने लहरा दिया। ज्ञात रहे कि पिछले पांच माह पूर्व स्थानीय रेलवे प्रबंधन ने टेक्निकल ईशु बताकर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को उतार लिया था और तभी से रेलवे स्टेशन के बाहर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा नहीं लहरा पाया है। पिछले दिनों भाजपा कार्यकर्त्ता मनीष परदेशी ने रेल मंत्री को एक्स एवं स्टेशन मास्टर को पत्र के माध्यम से यह विषय अवगत कराया था। भाजपा कार्यकर्त्ता मनीश परदेशी ने बताया कि नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर लगा 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज स्थानीय रेलवे प्रबंधन की लापरवाही से नहीं लग पा रहा था इसलिए पिछले दिनों स्टेशन मास्टर को जल्द तिरंगा लगवाने के लिए पत्र दिया था। पत्र में लिखा था कि 100 फीट ऊंचा पोल शोपीस बना हुआ खड़ा है जोकि रेलवे स्टेशन की खूबसूरती ख़राब कर रहा है। साथ ही आग्रह किया था कि राष्ट्रीय पर्व पर पूर्व शान से राष्ट्रीय ध्वज लहराए।

## 2200 करोड़ की लागत से बनेगा नर्मदापुरम से बनखेड़ी फोरलेन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले को नर्मदापुरम से बनखेड़ी सड़क के रूप में फोरलेन की सौगात अब जल्द ही मिलने वाली है। इस सौगात में उम्मीद जगा दी है कि अब सड़क हादसों पर भी लगाम लगेगी। एसएफसी हो जाने के बाद यह फोरलेन की निविदा प्रक्रिया होगी, जिसका बजट करीब 2200 करोड़ रूपए होगा। अब इस फोरलेन में जासलपुर और आंचलखेड़ा को भी बाइपास बनाया जाएगा। वहीं मरोड़ा से रजौन के बीच 125 करोड़ रूपए की लागत से तवा के नए ब्रिज की सौगात मिलेगी, जिससे माखननगरवासी सीधे इटारसी से जुड़ जाएंगे। यह दो परियोजनाएं जाम से तो मुक्ति दिलाईंगी ही साथ ही हादसों पर भी रोक लगाईगी। इसके अलावा रेत का उपयोग कर सायलो बेग का निर्माण भी होगा। इन सभी योजनाओं की जानकारी सोमवार को सर्किट हाउस में हुई प्रेसवार्ता में सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने दी। इसके साथ ही उन्होंने सोहागपुर विधानसभा में स्वीकृत हुई कई कार्यों को भी बताया। इसके बाद सोहागपुर विधानसभा में पलकमति नदी सहित छोटे-बड़े गांव में विकास होगा। विदित हो की बजट वर्ष 2023-24 के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग की मांग संख्या के अनुसार नर्मदापुरम से पिपरिया मार्ग के फोरलेन निर्माण हेतु लंबाई 70 किमी थी जिसकी लागत 840 करोड़ रूपए दी अब यह कार्य 2200 करोड़ रूपए का हो गया है। जिसमें नर्मदापुरम बस स्टेंड से लेकर बनखेड़ी तक फोरलेन सड़क का निर्माण होगा।

## मां नर्मदा प्रकोटत्सव पर डिजीटल आतिबाजी और लेजर शो होगा आकर्षण

### नपाध्यक्ष, सीएमओ और विधायक प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मां नर्मदा प्रकोटत्सव एवं नगर गौरव पर आयोजित समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बार डिजिटल अतिबाजी भी की जाएगी जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण केंद्र रहेगी। इसके लिए नगरपालिका द्वारा एक टीम गठन किया गया है। सोमवार को तैयारियों को लेकर नपाध्यक्ष नीतू यादव एवं सीएमओ हेमेश्वरी पटले के साथ विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, भाजपा नेता हंस राय आदि द्वारा निरीक्षण किया गया। साथ ही कार्य को तेजगति से करने के निर्देश दिए गए। घाटों की पुताई का उनके द्वारा मोटर बोट से निरीक्षण किया गया। नपा से गौरव वर्मा ने बताया कि नपाध्यक्ष एवं सीएमओ के मार्गदर्शन में मां नर्मदा प्रकोटत्सव की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इस बार डिजीटल तरीके से आतिशबाजी की जाएगी जो आकर्षण का केंद्र रहेगी। साथ ही लेजर लाइट शो का आयोजन भी किया जाएगा।

#### होगी डिजीटल अतिशबाजी

नपाध्यक्ष नीतू महेन्द्र यादव ने बताया कि मां नर्मदा प्रकोटत्सव और नगर गौरव दिवस के आयोजन की तैयारियां की जा रही है। इस बार डिजीटल तरीके से आतिशबाजी की जाएगी। साथ ही लेजर लाइट शो आकर्षण का केंद्र होगा। सभी नगरवासियों से आग्रह है कि घाटों पर किसी भी प्रकार की गंदगी न फैलाएं और स्वच्छता अभियान में नपा का सहयोग करें।

### भगवान श्री राम के बाल्यकाल के मार्मिक प्रसंग का सुंदर वर्णन

**माखननगर।** पटवारी लाइन वार्ड क्रमांक 12 में हनुमान मंदिर महिला मंडल समिति द्वारा आयोजित श्री राम कथा के चतुर्थ दिवस कथा वाचक मानस मोहिनी संध्या तिवारी ने भगवान श्री राम के बाल की लीला का मार्मिक प्रसंग का सुंदर वर्णन चित्रण किया प्रतिदिन बड़ी संख्या में कथा पंडाल में श्रद्धालु आकर कथा सुन रहे हैं।



## आरवी ने कड़े मुकाबलों में अपने प्रतिद्वंद्वियों को किया पराजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




देश का भविष्य युवाओं को कहा जाता है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति युवाओं की सोच और उनकी कार्य क्षमता पर निर्भर करती है। नर्मदापुरम की 10 साल की आरवी सराठे ने अपनी लगन और मेहनत से यह साबित कर दिखाया है और देश में नर्मदापुरम का परचम लहराया। देवास में आयोजित 5वीं भारत रत्न नेशनल कराटे चैंपियनशिप में नर्मदापुरम जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ी आरवी सराठे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सब-जूनियर वर्ग में गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। आरवी की इस उपलब्धि से नर्मदापुरम जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है।

आरवी सराठे पिता आशुतोष सराठे, ने प्रतियोगिता के दौरान कड़े मुकाबलों में अपने प्रतिद्वंद्वियों को पराजित कर उत्कृष्ट तकनीक और आत्मविश्वास का परिचय दिया। उनकी मेहनत और अनुशासन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण सफलता दिलाई।

गोल्ड मेडल जीतने पर आरवी को परिवारजनों, प्रशिक्षकों, खेल प्रेमियों एवं शुभचिंतकों की ओर से लगातार बधाइयाँ और शुभकामनाएँ मिल रही हैं। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आरवी की यह सफलता जिले के अन्य उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। आरवी सराठे की इस उपलब्धि ने नर्मदापुरम जिले को खेल जगत में एक नई पहचान दिलाई है। एक ओर जहां छोटे बच्चे मनोरंजन और समय बिताने साधन के रूप में ऑनलाइन गेम पबजी, फ्री फायर में अपनी जिंदगी उलझा रहे हैं। वहीं आरवी इनके लिए प्रेरणा की मिशाल है। आरवी सराठे के पिता आशुतोष सराठे का कहना है कि मोबाइल की ज्यादा लत से आंखों पर तनाव, नींद की कमी, चिड़चिड़ापन और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। ऐसे में छोटे बच्चे आभासी दुनिया से बाहर निकलें।

## 21 को पेंशनर्स महासंघ 9 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपेगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



पेंशनर महासंघ अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को 21 जनवरी को ज्ञापन सौंपेगा। सोमवार को स्थानीय नेहरू पार्क में सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ नर्मदापुरम द्वारा बैठक आयोजित हुई। जिसमें 21 जनवरी को सौंपने वाले ज्ञापन को लेकर चर्चा की गई। साथ ही पदाधिकारियों ने बताया कि कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने के लिए रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष जेपी मालवीय, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश चौरे, संभागीय अध्यक्ष केएन मिश्रा, जिला अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष जिला उपाध्यक्ष शंभू दयाल दीवान, जिला सचिव इंद्र मोहन दुबे, अशोक कुमार सेवक, डॉ प्रदीप जैन,जेएन लुटारिया, ओपी पासी, राधा किशन कहार आदि शामिल रहे।

### बालक एवं बालिका टीम की असली परीक्षा 29 और 30 जनवरी को

## थ्रो बॉल स्पर्धा में लहराया अपना परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



भोपाल जिला थ्रोबॉल संगठन के तत्वाधान में आयोजित एक दिवसीय प्रतियोगिता में नर्मदापुरम के बालक और बालिकाओं ने अपना परचम लहराया है। यह थ्रोबॉल प्रतियोगिता भोपाल में आयोजित हुई थी। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य मध्य प्रदेश थ्रोबॉल संगठन के संयुक्त तत्वाधान में 29 एवं 30 जनवरी को आयोजित होने वाली मध्य प्रदेश खेलो यूथ गेम में भोपाल संभाग के लिए बालक एवं बालिका टीम चयन किया गया।जिसमें नर्मदा पुरम जिले के बालक एवं बालिका टीम ने राजगढ़ एवं रायसेन टीम को हराते हुए फाइनल में पहुंचकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। नर्मदापुरम जिले से खेलो यूथ गेम में भोपाल संभाग में ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी बालक एवं बालिका टीम में चयन होंगे यह बात हमें मध्य प्रदेश यूथ गेम थ्रो बॉल के डायरेक्टर कमल कुशवाहा एवं मध्य प्रदेश थ्रोबॉल संगठन के सचिव अविनाश बुरबुरे ने नर्मदापुरम जिले की थ्रोबॉल संघ की सचिव स्नेहा दुबे को बताई है। अगर भोपाल संभाग में नर्मदापुरम के साथ मिलकर अपनी जगह पहली दूसरी या तीसरी स्थान में बनाई तो प्रत्येक खिलाड़ियों को बड़ी इनाम राशि भी दी जाएगी।इसलिए नर्मदापुरम के खिलाड़ियों को भी इस जीत का एक बड़ा हिस्सा प्राप्त होगा ।नर्मदापुरम थ्रोबॉल खिलाड़ियों में उत्साह एवं खुशी की लहर दौड़ी हुई है।

## पारंपरिक पिट्टू प्रतियोगिता के लिए बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



जिला अग्रणी होम साइंस महाविद्यालय नर्मदापुरम के वार्षिक खेलकूद बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर को जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालय पिट्टू महिला /पुरुष प्रतियोगिता के आयोजन का दायित्व मिला था, जिसके तहत 22 एवं 23 जनवरी को यह प्रतियोगिताएं महाविद्यालय खेल प्रांगण में आयोजित की जा रही है। महाविद्यालय कीड़ा अधिकारी ने बताया कि 22 जनवरी को नर्मदापुरम और हरदा जिले के विभिन्न शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय की पुरुष टीम इसमें सहभागिता करेगी, तत्पश्चात द्वितीय दिवस 23 जनवरी को नर्मदापुरम एवं हरदा जिले की समस्त महाविद्यालयों की महिला पिट्टू टीमें सहभागिता करेंगी। आज आयोजित बैठक में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ नीता चौबे व कीड़ा प्रभारी डॉ आईएस कनेश ने बैठक के दौरान साज सज्जा पंजीयन आदि व्यवस्था करेंगे।

## खबर संक्षेप

### पुरस्कार वितरण के साथ पट प्रतियोगिता का समापन



**शाहपुर।** महात्मा मनसुखदास मेले में चल रही बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता का समापन हुआ। सामान्य पट प्रतियोगिता में रामेश्वर पटेल हरदा को पहला पुरस्कार 25000 रूपये प्रदान किये गये, जिनकी बैलजोडी.ने 5.61 पॉइंट सोनिया हरदा, राइफल जामगांव ने दौड़ लगाकर हासिल किया। द्वितीय पुरस्कार कमल सिंह हरदा और तृतीय पुरस्कार प्रदीप कुमार मालवीय बांसपुर को प्राप्त हुआ। क्षेत्रीय पट प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार जगदीश प्रसाद यादव आमागोहान 5.67 पॉइंट पर प्राप्त किया। इसके पूर्व में राशि 15000 की जो बढक़र 21000 रुपए की गई। 21 हजार रुपए प्रथम क्षेत्रीय पट विजेता को दी गई। द्वितीय पुरस्कार रावण पांडे 5.73 पॉइंट मलसिवनी ने प्राप्त किया। तृतीय पुरस्कार 5.83 पॉइंट पर राजा यादव आमागोहान वाले ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सहयोग करने वाले नागरिकों का सम्मान शाल, श्रीफल और सम्मान चिन्ह देकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कैलाश चंद्र गुप्ता, मधुसूदन कोटेचा बाबूजी का विशेष आभार व्यक्त किया गया।

### नाक-कान-गला रोग निशुल्क जांच शिविर में 140 का उपचार



**बैतूल।** नाक, कान एवं गला रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए होटल रामकृष्ण के सामने, कारगिल चौक, सदर, बैतूल में निशुल्क जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 140 मरीजों की जांच कर उपचार की गई। शिविर में ईएनटी विशेषज्ञ डॉक्टर मीनाक्षी एम्बुलकर मौजूद रही। जिन्होंने मरीजों को नाक, कान और गले से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों की निशुल्क जांच एवं विशेषज्ञ परामर्श दिया। डॉ.मीनाक्षी एम्बुलकर ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के दौरान कान से बहना, कम सुनाई देना, चक्कर आना, सिर दर्द, नाक, कान या गले में दर्द अथवा चुभन, नाक बंद रहना, मुंह न खुलना, खाना निगलने में परेशानी, मुंह में छाले तथा गले में गांठ जैसी समस्याओं की विशेष रूप से जांच की गई। सभी समस्याओं से पीड़ित मरीजों को उपचार संबंधी आवश्यक सलाह दी।

### दान पेटी तोडक़र 25 हजार ले उड़े चोर

**बैतूल।** आठनेर तहसील में जंगलीपीर बाबा की दरगाह में लगी दान पेटी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में सोमवार को स्वतंत्र किसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अयाज खान ने थाना आठनेर प्रभारी को लिखित शिकायत देकर रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में अयाज खान ने बताया कि ग्रापं बरखेड़ के दक्षिण-पश्चिम दिशा में स्थित जंगलीपीर बाबा की दरगाह में लोहे की पक्की चादर से बनी दान पेटी लगी हुई है। अज्ञात चोरों ने 17 जनवरी की रात ग्राइंडर की मदद से दान पेटी को काटकर तोड़ दिया और उसमें रखी दान राशि चुरा ले गए।

## हत्या को सड़क दुर्घटना बताने शव को मोटर साइकिल से दबाया

# पुलिस ने किया अंधे कत्ल का खुलासा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैंसदेही

मोहदा पुलिस द्वारा ग्राम जिरुढाना निवासी व्यक्ति की नृशंस हत्या के अंधे प्रकरण का तकनीकी साक्ष्यों एवं विवेचना के माध्यम से खुलासा किया गया है। आरोपियों द्वारा हत्या को सडक़ दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया गया था, जिसे पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई कर असफल कर दिया। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 14जनवरी को थाना मोहदा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम जडिय़ा एवं रोजड़ीखेड़ा के बीच पुलिया के समीप एक अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक विष्णुप्रसाद मौर्य पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल की प्रारंभिक कार्यवाही की गई। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर थाना प्रभारी मोहदा द्वारा घटनास्थल को सुरक्षित किया गया एवं वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया। एसडीओपी भैंसदेही भूपेंद्र सिंह मौर्य एवं सीन ऑफ क्राइम यूनिट प्रभारी निरीक्षक आबिद अंसारी द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर भौतिक साक्ष्य संकलन एवं विधिवत फोटोग्राफी कराई गई। मृतक की शिनाख्त लब्बू पिता सुकु यादव, उम्र 45 वर्ष, निवासी जिरुढाना के रूप में हुई। शव के निरीक्षण में मृतक के सिर में 5-6 गहरे धारदार हथियारों से किए गए घाव पाए गए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से भी मृत्यु का कारण हत्या होना स्पष्ट हुआ। जांच में यह तथ्य सामने आया कि आरोपियों द्वारा मृतक के शव को पुलिया के नीचे फेंककर उसके ऊपर मोटरसाइकिल रख दी गई थी, जिससे घटना को सडक़ दुर्घटना का रूप दिया जा सके। फरियादी रामप्रसाद पिता सुकु यादव, उम्र 35 वर्ष, निवासी जिरुढाना की सूचना पर थाना मोहदा में अज्ञात आरोपियो के विरुद्ध अपराध धारा 103(1), 61(2), 238, 3(5) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया। एसडीओपी भैंसदेही के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकी साक्ष्यों एवं पूछताछ के दौरान यह उजागर हुआ कि कविता यादव के पति की मृत्यु 6-7 महीने पूर्व हो चुकी थी। कविता पर मृतक बुरी नियत रखता था एवं परेशान करता था और बार बार मिलने जाता था, जिससे परेशान होकर आरोपिया कविता यादव ने अपने देवर एवं पड़ोसी जो महिला के हितैषी थे के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। षड्यंत्र के तहत आरोपिया कविता यादव ने मृतक को अपने सांगवानी वाले खेत की टप्पर पर बुलाया, जहां पहले से छुपे अपने साथियों, सह-आरोपियों राजू यादव, संतोष यादव एवं रामप्रसाद यादव ने कुल्हाड़ी एवं पत्थरों से हमला कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के उपरांत शव को मृतक की ही मोटर साइकिल से जडिय़ा एवं रोजड़ीखेड़ा के बीच पुलिया के पास फेंक दिया गया, जिससे घटना को दुर्घटना प्रतीत कराया जा सके। इस मामले में पुलिस ने कविता यादव पति स्व. श्रीराम यादव, उम्र 30 वर्ष, राजू यादव पिता तिलक यादव, उम्र 31 वर्ष, संतोष यादव पिता लुटिया यादव, उम्र 30 वर्ष, रामप्रसाद यादव पिता रामाधार यादव, उम्र 30 वर्ष सहित अन्य को आरोपी बनाया है। इस जघन्य अंधे हत्याकांड का खुलासा थाना मोहदा पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर तंत्र, सतर्क विवेचना एवं टीमवर्क के माध्यम से किया गया. इस सफल कार्यवाही में एसडीओपी भैंसदेही भूपेंद्र सिंह मौर्य, निरीक्षक विष्णु प्रसाद मौर्य थाना प्रभारी मोहदा, निरीक्षक आबिद अंसारी, सीन ऑफ क्राइम एक्सपर्ट बैतूल, निरीक्षक हरिओम पटेल, उनि वहिद खान, उनि रामस्वरूप रघुवंशी, उप निरीक्षक आम्रपाली डाहट, सउनि आर.डी. वर्मन, सउनि मुजफ्फर हुसैन, प्रधान आरक्षक सचिन माहोरे, महिला प्रधान आरक्षक गायत्री पन्द्रे, प्रधान आरक्षक बलवंत कुमरे, प्रधान आरक्षक सुभाष माकोड़े, आरक्षक राजेंद्र की सराहनीय भूमिका रही।

## शराब के नशे में विवाद के बाद गला दबाकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**बैतूल।** रगडग़ांव में एक कुएं में मिले युवक के शव की गुत्थी पुलिस ने सोमवार को सुलझा ली है। 14 जनवरी को मिले इस शव की पहचान राज ठाकुर (20) निवासी मासोद के रूप में हुई थी। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि यह डूबने का मामला नहीं, बल्कि हत्या थी। थाना मुलताई के चौकी मासोद क्षेत्र में ग्रामीणों ने कुएं में एक युवक का शव देखा था। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को बाहर निकाला और उसकी शिनाख्त की। प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ, जिसके बाद पुलिस ने गहन पड़ताल शुरू की। मृतक के परिजन चैनसिंह ठाकुर ने बताया कि राज ठाकुर 13 जनवरी को अपने ममेरे भाई डेविड राजपूत के साथ रगडग़ांव गया था। शाम को दोनों अलग हो गए थे, जिसके बाद राज घर नहीं लौटा था। थाना प्रभारी नरेंद्र परिहार की टीम ने डॉग स्क्वॉड और फिंगरप्रिंट टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। कुएं का पानी खाली कर शव को निकाला गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि मृतक की मौत गला दबाने से श्वास रुकने के कारण हुई थी। तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने गांव के ही अमित कुमरे (19) को हिरासत में लिया। पूछताछ में अमित ने अपना अपराध कबूल कर लिया। उसने बताया कि 13 जनवरी की शाम शराब के नशे में राज ठाकुर से उसका झगड़ा हुआ था। विवाद के दौरान राज द्वारा गाली-गलौज और थप्पड़ मारने पर अमित ने अपने गले में पहना गमछा राज के गले में डालकर दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद अमित ने सबूत मिटाने के उद्देश्य से राज के शव को कुएं में फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त गमछा और मृतक का आधार कार्ड बरामद किया है। आरोपी अमित कुमरे को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है। इस अंधे हत्याकांड का खुलासा करने में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी, एसडीओपी शिवकुमार सिंह, निरीक्षक आबिद अंसारी, चौकी प्रभारी रणधीर सिंह राजपूत सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सार्वजनिक स्थान पर मारपीट करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार



**सारणी।** नगर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सारणी पुलिस ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाते हुए सार्वजनिक स्थान पर हिंसक वारदात को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना 18 जनवरी देर रात की है, जब पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने फरियादी और उसके पिता के साथ बेरहमी से मारपीट की। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सजल गुर्जर (22), निवासी वेलफेयर कॉलोनी, अपने पिता दीनदयाल गुर्जर के साथ रात करीब 12 बजे कार से पेट्रोल भरवाने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में आरोपियों ब्रजेश पटेल, सुमीर उर्फ भूरा, मोईन खान एवं सूरज उईके ने कार को रोक लिया और पुरानी रंजिश को लेकर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में फरियादी को गंभीर चोटें आईं, जबकि उसके पिता के साथ भी मारपीट की गई। घटना की सूचना पर थाना सारणी में 126(2), 296(ए), 351(2), 115(2), 118(2), 3(5) के तहत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 19 जनवरी 2026 को सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अलग-अलग तीन लोहे की रॉड भी जब्त की हैं, जिनका उपयोग वारदात में किया गया था। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जयपाल इनवाती के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक नितिन उईके, प्रधान आरक्षक किशनलाल तथा आरक्षक महेश भलावी एवं आनंद कसोटिया की सराहनीय भूमिका रही।

### 15 फरवरी तक चलेगा अभियान

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत, लगाया शिविर



**सारनी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासन की विभिन्न जन हितैषी योजनाओं का लाभआम लोगों को देने के लिए 12 जनवरी से 15 फरवरी तक संकल्प से समाधान अभियान का आयोजन किया जा रहा है। निकाय क्षेत्र में वार्ड स्तर पर इस शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने बताया कि लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने, उन्हें इनका लाभ प्रदान करने और उनकी समस्याओं का निराकरण करने हेतु शिविर लगाए जा रहे हैं। संकल्प से समाधान अभियान के तहत 15 फरवरी तक लगातार शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत सोमवार को वार्ड 10 में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न योजनाओं के 14 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में प्रभारी जीएस पांडे, संतोष सोनारिया, रंजीत डोंगरे, मनोज परते समेत अन्य लोग उपस्थित हो थे। इसी क्रम में मंगलवार 20 को वार्ड 11 को क्षेत्रीय आंगनबाड़ी में शिविर रखा गया है। 21 को वार्ड 12. 22 को वार्ड 13 एवं 23 के लिए वार्ड 23 की आंगनबाड़ी केंद्र में शिविर होगा। इसी तरह 23 जनवरी को वार्ड 14 एवं 15 के लिए गायत्री मंदिर आंगनबाड़ी में शिविर रखा गया है। वहीं 27 जनवरी को वार्ड 16 एवं 28 जनवरी को वार्ड 17 के आंगनबाड़ी केंद्र में शिविर रहेगा। 19 जनवरी को वार्ड 18 व 19 के लिए नपा के उप क्षेत्रीय कार्यालय पाथाखेड़ा में शिविर रखा गया है। 30 जनवरी को वार्ड 20 एवं 2 फरवरी को वार्ड 32 में आंगनबाड़ी में शिविर रहेगा। शिविरों में प्राप्त आवेदनों के आधार पर कार्यवाही कर लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। लोगों को योजनाओं की जानकारी देने के अलावा उन्हें इनसे जोड़ा भी जा रहा है।

## कलेक्टर ने सीएमएचओ कार्यालय का किया निरीक्षण

### समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश



**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की स्थापना शाखा का अवलोकन किया और वहां संचालित कार्यप्रणाली की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी शासकीय सेवक अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यों में अनावश्यक विलंब से आम नागरिकों और हितग्राहियों को परेशानी होती है, इसलिए समयबद्धता और पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे, इसके लिए विभागीय समन्वय और कार्य की नियमित समीक्षा की जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने रिकॉर्ड संधारण, फाइलों के समय पर निराकरण तथा कर्मचारियों की उपस्थिति पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए।

## महिला अधिवक्ता कक्ष के लिए विवेक तंखा ने स्वीकृत की 15 लाख की राशि

### पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे ने अधिवक्ता संघ को सौंपा राशि स्वीकृति पत्र



**मुलताई।** नगर के अभिभाषक संघ के लिए महिला अधिवक्ताओं की सुविधा हेतु पृथक कक्ष एवं शौचालय निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। पूर्व कैबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे के प्रयासों से मुलताई में 15 लाख रुपए की लागत से महिला अधिवक्ता कक्ष का निर्माण किया जाएगा। मालूम हो कि गत दिनों पवित्र नगरी के एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने आए देश के ख्यातिनाम अधिवक्ता एवं राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा से अधिवक्ता संघ के प्रतिनिधियों ने पांसे के निवास पर मुलाकात की थी। इस अवसर पर पांसे द्वारा अभिभाषक संघ मुलताई के लिए महिला अधिवक्ता कक्ष एवं शौचालय निर्माण हेतु 15 लाख रुपये की राशि की मांग रखी गई थी। विवेक तन्खा ने इस मांग को तत्काल स्वीकार करते हुए न केवल राशि स्वीकृत की, बल्कि आवश्यकता अनुसार इससे अधिक सहयोग देने की भी सहमति जताई। साथ ही उन्होंने प्रस्तावित अधिवक्ता कक्ष का नाम नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं न्यायमूर्ति रहे धर्माधिकारी परिवार के नाम पर रखने का सुझाव दिया।अपने दिए गए आश्वासन को पूरा करते हुए तन्खा ने कलेक्टर, बैतूल को निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान किए जाने संबंधी पत्र प्रेषित किया है, जिसे पूर्व कैबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे ने आज अभिभाषक संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर चंदेल को सौंपा।

पूर्व में भी मिल चुका है महत्वपूर्ण सहयोग उल्लेखनीय है कि सुखदेव पांसे द्वारा इससे पूर्व भी अभिभाषक संघ मुलताई को अधिवक्ताओं के बैठने हेतु 5 लाख रुपये की लागत से हाल निर्माण, 2 लाख रुपये की राशि से शुद्ध पेयजल हेतु वाटर फिल्टर तथा 2 लाख 50 हजार रुपये की राशि से फर्नीचर निर्माण कार्य कराया जा चुका है। इनकी रही उपस्थिति इस अवसर पर बार संघ अध्यक्ष चंद्रशेखर चंदेल, पूर्व बार संघ अध्यक्ष गिरधर यादव, जी.जी. घोड़े, धनराज धोटे, शंकरराव बंजारे, प्रमोद कोसे, पंकज यादव, करण साहू, भूषण चौधरी, प्रवीण माने, प्रमोद पवार, भीमराव उपराले, रूपलाल पाठेकर, सुनील बिहारिया, श्रवणकुमार गुर्जे, दीपक उकंडे, राजू साहू, डी.एस. बेले सहित अनेक अधिवक्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल सोनी, अरुण यादव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, शिवकुमार माहोरे, प्रहलाद सिंह परमार, किशोर सिंह परिहार, नीतेश साहू, सुमित शिवहरे, शेख जाकिर आदि रहे मौजूद।

### पार्श्व गायिका मयूरी साहा ने बांधा समा

## छाप तिलक सब छीनी रे... और मेरा पिया घर आया... पर खूब झूमे दर्शक

### आज इंडियन आइडल फेम रागिनी शिंदे देंगी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



श्रीश्री 1008 बाबा मठारदेव के मेले में आनंद उत्सव 2026 के तहत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत रविवार रात इंडियल आइडल फेम कोलकाता की पार्श्व गायिका मयूरी साहा ने अपने सुरीले गीतों की प्रस्तुति दी। रंगारंग लाइटिंग, डिजीटल साउंड इफैक्ट्स के बीच कार्यक्रम देर रात तक चला।

मयूरी ने क्लासिकल से वेस्टर्न संगीत आधारित एक से बढक़र एक फिल्मी गीत सुनाकर लोगों को खूब झुमाया। नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा 12 से 22 जनवरी तक बाबा मठारदेव मेले का आयोजन किया जाता है। इसके तहत मेले में आनंद उत्सव 2026 के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। रविवार 18 जनवरी रात 8.30 बजे से कोलकाता की पार्श्व गायिका इंडियन आइडल फेम मयूरी ने मंच संभाला। कार्यक्रम के दौरान आमला सारनी विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, घोड़ाडोंगरी विधायक गंगा उइके, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, पार्षदगणों, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम ने मंच पर मयूरी साहा का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इसके बाद रात 10.45 तक प्रस्तुति चलती रही। हजारों की संख्या में लोगों ने प्रांगण पहुंचकर इसका आनंद उठाया।

### लग जा गले कि ये हसीं रात हो ना हो और पिया बावरे को भी सराहा

मयूरी साहा ने सत्यम शिवम् सुंदरम से कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद हम तुम कितने पास हैं कितने दूर, लग जा गले, ओ सजना बरखा बहार, जिया जले जा जले नैनों तले, सांवरे-सांवरे दो लब्जो की है, न ना रे नाना रे, पिया बावरे, दीवानी मैं तेरी दीवानी, ढोल बाजे, जैसे एक से बढक़र एक गीत सुनाए। इसके बाद उन्होंने लोगों की फरमाईश पर ये मेरा दिल यार का दीवाना, दम मारो दम, और मेरा पिया घर आया ओ राम जी, जैसे गीत सुनाकर लोगों को खूब डांस कराया। मयूरी के दिल दीवाना बिन सजना के माने ना, को लोगों ने खूब सराहा। उन्होंने अयिगिरी नंदिनी, की जोरदार प्रस्तुति दी। बेहतरीन बैंड ने भी लोगों का मन मोहा।

### आज रागिनी शिंदे के गीतों की होगी रंगारंग प्रस्तुति

मेला अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि इंडियन आइडल फेम रागिनी शिंदे की हिंदी गीतों की सरगम कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार 20 जनवरी को शाम 7 बजे से मेला प्रांगण में होगा। स्थानीय कलाकारों द्वारा आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति 21 जनवरी को दोपहर 2 बजे से दी जाएगी।

## कलश यात्रा से प्रारंभ हुआ श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह

### जगदीश मंदिर से निकाली गई विशाल कलश यात्रा



**मुलताई।** ताप्ती तट क्षेत्र स्थित यादव गली में श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह का प्रारंभ आज कलश यात्रा के साथ हुआ ताप्ती तट पर स्थित जगदीश मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह आयोजन स्व. श्री श्यामलाल यादव जी की स्मृति में तथा उनके परिवारजनों के आशीर्वाद से किया जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार कथा का शुभारंभ सोमवार को कलश यात्रा के साथ होकर सप्ताह भर चलने वाली इस भागवत कथा में प्रतिदिन अलग-अलग प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। कथा व्यास करेंगे पं. संतोष शर्मा श्रीमद् भागवत कथा का वाचन सुप्रसिद्ध भागवत भूषण पं. संतोष शर्मा द्वारा किया जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। सोमवार को कलश यात्रा, मंगलवार शिव कथा, बुधवार नरसिंह अवतार, गुरुवार श्रीकृष्ण जन्म, शुक्रवार गोवर्धन पूजा, बाल कृष्ण लीला शनिवार श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह, रविवार परीक्षित मोक्ष, विदुर सुत संवाद, पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी आयोजकों ने नगर एवं क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### पिपरिया से छोड़ा गया किशोर तेंदुआ नहीं हो पाया सेट

# भौंरा में तेंदुए का रेस्क्यू, तीन माह की दहशत का अंत

### हाथियों से नीचे उतारकर गन से किया गया बेहोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा



भौंरा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बीते तीन माह सेदहशत का कारण बने तेंदुए को सोमवार को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया गया। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की विशेष टीम ने हाथियों की मदद से पहाड़ी क्षेत्र में ऑपरेशन चलाते हुए तेंदुए को ट्रैंकुलाइज गन से इंजेक्शन देकर सुरक्षित रूप से पकड़ लिया। रेस्क्यू के साथ ही क्षेत्र में लंबे समय से व्याप्त भय का माहौल समाप्त हो गया है। सहायक संचालक विनोद वर्मा ने बताया कि रेस्क्यू किया गया तेंदुआ अभी किशोर अवस्था का है। उन्होंने बताया यह तेंदुआ कुछ समय पहले पिपरिया क्षेत्र में पकड़ा गया था। उसे बाद में रिजर्व क्षेत्र में छोड़ा गया, लेकिन कम उम्र होने के कारण वह वहां खुद को अनुकूल नहीं कर सका और आबादी वाले इलाकों की ओर निकल आया। भौंरा, धपाड़ा सहित आसपास के कई ग्रामीण क्षेत्रों में यह करीब तीन माह से विचरण कर रहा था। विनोद वर्मा ने बताया कि तेंदुए को पकडऩे के लिए कई बार पिंजरे लगाए गए, लेकिन उसकी चतुराई के चलते वह उनमें नहीं फंसा।अंततः सोमवार को हाथियों पर सवार होकर टीम ने तेंदुए को पहाड़ी क्षेत्र से नीचे की ओर खदेड़ा। सुरक्षित दूरी बनने पर ट्रैंकुलाइज गन से इंजेक्शन देकर उसे बेहोश किया गया और रेस्क्यू किया गया। वन अधिकारियों के अनुसार, इस तेंदुए को दोबारा रिजर्व फॉरेस्ट में नहीं छोड़ा जाएगा। उसकी उम्र और व्यवहार को देखते हुए उसे वन विहार भेजा जा रहा है, जहां विशेषज्ञों की निगरानी में उसे रखा जाएगा।

### डॉक्टरों की टीम और पूरा अमला रहा मौजूद

इस रेस्क्यू ऑपरेशन में चिकित्सकों की विशेष टीम, भौंरा वन परिक्षेत्र का पूरा स्टाफ, स्ज्ञक्र की विशेष रेस्क्यू टीम तथा चार हाथियों का दल शामिल रहा। ऑपरेशन के दौरान मेडिकल स्टाफ लगातार अलर्ट पर रहा ताकि तेंदुए और कर्मियों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। गौरतलब है कि बीते शुक्रवार को ढाई वर्षीय बालक पर तेंदुए के हमले के बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश और भय फैल गया था। इसके बाद रेस्क्यू अभियान को उच्च स्तर पर तेज किया गया और अंततः सोमवार को सफलता मिली। तेंदुए के रेस्क्यू के बाद भौंरा और आसपास के गांवों में सामान्य स्थिति लौटने की उम्मीद जगी है। ग्रामीणों ने राहत महसूस करते हुए प्रशासन और वन विभाग से भविष्य में ऐसे हालात दोबारा न बनने देने की ठोस व्यवस्था की मांग की है। भौंरा में यह रेस्क्यू अभियान न केवल तीन माह की दहशत का अंत है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि वन्यजीव प्रबंधन में समय पर समन्वित कार्रवाई कितनी निर्णायक साबित हो सकती है।

## आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया पोते का जन्मदिन



**सोहागपुर।** नगर के गौतम वार्ड निवासी पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश माहेश्वरी ने सोमवार को अपने पोते पूर्वांश का जन्मदिन आंगनवाड़ी केंद्र में मनाया। इस दौरान वार्ड के आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच खुशी मनाई गई। वहीं केंद्र में दर्ज बच्चों के लिये माहेश्वरी परिवार द्वारा उपयोगी सामग्री प्रदान की गई। बच्चों में मिष्ठान भी वितरित किए गए।

## शोभापुर भाजपा मंडल महामंत्री को मातृशोक

**सोहागपुर।** भाजपा शोभापुर मंडल महामंत्री शरद दुबे तथा ललित दुबे, श्रवण दुबे एवं तरुण दुबे की माताजी सुशीला बाई दुबे का रविवार रात श्रीजी शरण हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा सोमवार की दोपहर 12:30 बजे निज निवास से बस ग्राम के मुक्तिधाम के लिए रवाना हुई। जहां पार्थिव देह का अंतिम संस्कार परिजनों, परिचितों व ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया।

### होर्डिंग्स ठेकेदार की अनियमितताओं के खिलाफ कांग्रेस ने दिया शिकायती आवेदन

# शहर के होर्डिंग्स ठेकेदार साईंराजा ट्रेडर्स के खिलाफ कांग्रेस करेगी उग्र आंदोलन

शहर के होर्डिंग्स ठेकेदार फर्म साईं राजा ट्रेडर्स की मुश्किलें अब बढ़ने वाली है, हरिभूमि की खबर के बाद नगर कांग्रेस ने ठेकेदार पर शिकवा शिकायतों का दौर शुरू कर दिया है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

नगर पालिका प्रशासन भले ही होर्डिंग्स ठेकेदार फर्म साईं राजा ट्रेडर्स पर नियमों की अवहेलना के बाबजूद मेहरबानी और अनदेखी करती रहे लेकिन मामले में अब नगर कांग्रेस शांत नहीं बैठेगी। नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने सीएमओ को तीन बिंदुओं का शिकायती पत्र लिखकर साईं राजा ट्रेडर्स पर कार्यवाही की बात कही है। गोस्वामी ने दो टूक होकर कहा कि अगर नपा ने ठेकेदार फर्म के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की तो नगर कांग्रेस विशाल धरना प्रदर्शन करेगी। वहीं इस बारे में सन्नी बतरा, संचालक साईं राजा ट्रेडर्स ने कहा कि हमने सब नियम अनुरूप किया है। राशि का भुगतान भी नगरपालिका को किया है।

### शिकायत में यह मांगे लिखी है...

- शहर के मुख्य बाजार सहित अन्य क्षेत्रों में नियमों के विपरीत लगाए गए अतिरिक्त साइज के होर्डिंग्स पर संबंधित ठेकेदार फर्म से नपा द्वारा निर्धारित साईज एवं राशि के अनुसार अतिरिक्त टैक्स की वसूली की जाए।
- अगर नपा द्वारा ठेकेदार फर्म से अतिरिक्त टैक्स की वसूली नहीं की जाती है, तो निर्धारित माप से अधिक साइज के होर्डिंग्स को तत्काल जब्त किया जाए। पूरे शहर के विद्युत पोल पर केवल 10 वर्गफुट तक के विज्ञापन ही लगाने की अनुमति सुनिश्चित की जाए।
- शहर में होर्डिंग्स एवं पोल की संख्या सुनिश्चित करने के लिए नगर सीमा में लगे पोल एवं होर्डिंग्स का भौतिक सत्यापन कराया जाए। जिसमें हमें होर्डिंग्स एवं पोल की संख्या में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

### आर्थिक तंगी का हवाला, वसूली में नजरअंदाजी

तीन सूत्रीय शिकायती पत्र के संबध में नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने कहा कि है 2022 में परिषद बनने के बाद से ही लगातार आर्थिक तंगी का हवाला दिया जा रहा है। इस माह तो नपा के कर्मचारियों तक को समय पर वेतन नही दिया गया है। पूरे शहर में नपा के जनप्रतिनिधि और अधिकारियों की आंख के सामने साईं राजा ट्रेडर्स ने तय साईज से अधिक के होर्डिंग्स लगाए हुए है ऐसे में उसके खिलाफ नपा कोई कार्रवाई नही कर रही है। सात महीनों तक तो ठेकेदार ने पैसे भी नही भरे थे। अगर किसी गरीब का ठेला या दुकानदार अतिक्रमण करता तो नपा तुरंत कार्रवाई करती, लेकिन साईं राजा को लगातार नजरअंदाज कर रही है पर अब कांग्रेस इस मामले को खत्म करके ही मानेगी।



लगातार देखने में आ रहा है नगरपालिका आर्थिक तंगी से जूझ रही है जिसके चलते ही शहर में सबके होर्डिंग्स खत्म करके टेंडर निकाला गया और एक फर्म को टेंडर दिया गया। वैसे तो टेंडर देने में भी कई तरह की अनियमितताएं हुई है जिसके हम तथ्य जुटा रहे है लेकिन टेंडर मिलने के बाद भी हो रही अनियमितताओं के खिलाफ कांग्रेस शांत नही बैठेगी। हमने नपा को एक सप्ताह का समय दिया है फिर नपा का घेराव और उग्र आंदोलन किया जाएगा।

**कन्हैया गोस्वामी**, अध्यक्ष नगर कांग्रेस इटारसी

## अमर्यादित व्यवहार के कारण सन्नी लालवानी समाज से निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



पूज्य पंचायत सिंधी समाज ने सामाजिक अनुशासन को सर्वोपरि रखते हुए एक कड़ा और ऐतिहासिक फैसला लिया है। विगत कई महीनों से समाज के मान-सम्मान को ठेस पहुंचाने और पदाधिकारियों के विरुद्ध सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में सन्नी पिता प्रकाशचंद लालवानी को सामाजिक गतिविधियों से पूर्णतः निष्कासित कर दिया गया है।

जानकारी अनुसार, सन्नी लालवानी लंबे समय से विभिन्न सोशल मीडिया समूहों में पूज्य पंचायत सिंधी समाज के पदाधिकारियों और अन्य सम्मानित सदस्यों के खिलाफ झूठी, बेबुनियाद और गाली-गलौज युक्त पोस्ट साझा कर रहे थे। इन भ्रामक पोस्टों से पूरे समाज में रोष व्याप्त था। इस विवाद को सुलझाने के उद्देश्य से 16 नवंबर 2025 को सिंधी धर्मशाला में समाज के पदाधिकारियों की एक बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में जब सन्नी को समझाइश देने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने पदाधिकारियों के साथ न केवल गाली-गलौज की बल्कि मारपीट भी की। इसी संदर्भ में सिंधी पंचायत के संरक्षक मोहन मोरवानी की शिकायत पर इटारसी पुलिस थाने में सन्नी के विरुद्ध मामला दर्ज किया जा चुका है।

### सर्वसम्मति से लिया गया फैसला

रविवार, 18 जनवरी 2026 को सिंधी समाज की विभिन्न समितियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। समाज के गौरव और मर्यादा को अक्षुण्ण रखने के लिए सभी समितियों ने एक स्वर में सन्नी लालवानी को समाज से बाहर करने का निर्णय लिया।

मामले में सन्नी लालवानी का पक्ष जानने के लिए संपर्क करने पर उनका नंबर बंद पाया गया।

### समाज का मत

समाज में अनुशासनहीनता और पदाधिकारियों का अपमान स्वीकार्य नहीं है। सामाजिक एकता बनाए रखने के लिए यह कड़ा कदम उठाना अनिवार्य था।

**पूज्य पंचायत सिंधी समाज**

## दूषित पानी व गंदगी पर सिद्धार्थ आर्य फाउंडेशन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

सिद्धार्थ आर्य वेलफेयर फाउंडेशन के डायरेक्टर सिद्धार्थ आर्य ने शहर की न्यास कॉलोनी और समरस्ता नगर में व्याप्त नारकीय स्थितियों को लेकर नगर प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में उन्होंने वार्ड की मूलभूत समस्याओं को उठाते हुए नगर पालिका प्रशासन को एक माह का अल्टीमेटम दिया है।

प्रेस वार्ता के दौरान एक पोस्टर विशेष रूप से चर्चा का विषय रहा, जिसमें गंदी बुदबुदाती नाली के बीच से गुजरती पाइपलाइन को दिखाया गया था। पोस्टर पर लिखा था— यह नाला नहीं, यह हमारे पीने के पानी का रास्ता है। सिद्धार्थ आर्य ने कहा कि पाइपलाइनें नालियों के अंदर डूबी हुई हैं, जिससे घरों में दूषित पानी पहुंच रहा है।

उन्होंने मांग की कि इंदौर की हालिया स्वास्थ्य घटनाओं से सबक लेते हुए इन पाइपलाइनों को तत्काल नाली से बाहर निकालकर ऊपर किया जाए।

सिद्धार्थ आर्य ने स्पष्ट किया कि स्थानीय पार्षद के प्रयासों के बावजूद प्रशासन की उदासीनता के कारण अब फाउंडेशन ने कमान संभाली है। उन्होंने कहा सबसे पहले नगर पालिका और फिर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 26 जनवरी के बाद से चरणबद्ध आंदोलन शुरू होगा। यदि एक माह में सुधार नहीं हुआ, तो उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की जाएगी।

न्यास बायपास पर कचरा डंपिंग को लेकर नगर पालिका द्वारा लगाए गए बोर्ड पर लिखा है कि आप सीसीटीवी की निगरानी में हैं, जबकि मौके पर कोई कैमरा नहीं है। उन्होंने इसे प्रशासन की केवल कागजी खानापूर्ति करार दिया। क्षेत्रीय महिलाओं ने कई समस्याएं बताई।

## स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं के लिए प्रकाश पुंज, अभाविप ने किया स्वामीजी की 163वीं जयंती पर युवोत्सव का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) इटारसी इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद की 163वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में 'युवोत्सव' कार्यक्रम का भव्य आयोजन स्थानीय पंडित भवानी प्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम में किया गया। इस कार्यक्रम में नगर के लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद इटारसी के अध्यक्ष पंकज चौरे उपस्थित रहे। विशेष अतिथि और वक्ता के रूप में अभाविप नर्मदापुरम विभाग की विभाग छात्रा प्रमुख लिशिका काले और प्रांत कार्यसमिति सदस्य कुणाल सराठे का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांत कार्यसमिति सदस्य कुणाल सराठे ने कहा कि, स्वामी विवेकानंद




जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। विद्यार्थी परिषद का उद्देश्य केवल छात्र हितों की रक्षा करना नहीं, बल्कि छात्रों के भीतर राष्ट्रवाद की भावना जगाना है। स्वामी जी का संदेश 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए' हर युवा का मूलमंत्र होना चाहिए।₹वहीं, विभाग छात्रा प्रमुख लिशिका काले ने अपने संबोधन में कहा कि, युवा शक्ति ही राष्ट्र की असली शक्ति है। स्वामी विवेकानंद जी ने भारतीय संस्कृति को विश्व पटल पर स्थापित किया। आज के युवाओं को उनके चरित्र और आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है, ताकि एक समर्थ और सशक्त भारत का निर्माण हो सके।

मुख्य अतिथि पंकज चौरे ने अभाविप के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समाज में आज युवाओं के बीच हमारे महापुरुषों के बलिदान ,जीवन चरित्र और आदर्शों को सीखने का काम अभाविप के युवा कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाना प्रशंसनीय है आज वास्तविकता में देश को इसे ही युवाओं की आवश्यकता हैं।

कार्यक्रम में नगर के कई विद्यालय, महाविद्यालयों के छात्र छात्रा, अभाविप के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं नर्मदापुरम जिला विस्तारक महेंद्र मालवीय, विभाग संयोजक मृदुलनाथ चौहान, प्रांत एसएफडी सह संयोजक अभिषेक पटेल, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सदस्य साक्षी कोरी सहित अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

## सांसद नारोलिया ने ग्रामीण व नगर मंडल की बैठक ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने इटारसी नगर मंडल एवं ग्रामीण मण्डल के ग्राम साकेत में संगठनात्मक मजबूती को लेकर बैठक आयोजित की। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सांसद नारोलिया ने बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त करने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा जनसंपर्क को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बूथ मजबूत होगा तो संगठन स्वतः मजबूत होगा और सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेंगी। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गोकुल पटेल मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, भाजपा सह-कोषाध्यक्ष नर्मदापुरम दीपक अठोत्रा, सरपंच मृदुलता पटेल, शक्ति केंद्र संयोजक गौरव बड़कुर, सहसंयोजक आशीष मालवीय, ग्रामीण मण्डल महामंत्री हिमाचल सिंह ग्रामीण मंडल मंत्री कुलदीप पटेल, विधायक प्रतिनिधि घनश्याम पटेल मंडल, महामंत्री सौरभ मेहरा, मंडल उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा, सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 3 किशोर बालकों की मृत्यु मामले में ट्रैक्टर ट्रॉली किए जब्त, पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

शनिवार रात सोहागपुर के समीप सड़क पर खड़ी धान भरी ट्राली से टकराई ई-स्कूटर के मामले में तीन किशोर बालकों की मृत्यु हो गई है। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस बताया कि रोड पर नीले रंग का स्वराज 744 XT कंपनी का ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 05 ज़ेडजी 3634 के चालक के द्वारा लापरवाहीपूर्वक में बिना किसी संकेतक के ट्रैक्टर ट्रॉली खड़े किये गए थे। ट्राली में धान की बोरियां भरी हुई थीं। जिसमें पीछे से शनिवार रात स्कूटर एमपी 05 ज़ेडजे 3240 टकरा गई थी। दुर्घटना में स्कूटर पर सवार ग्राम आमदेही के मनुराज पुत्र



प्रवीण रघुवंशी 15 वर्ष, अश्विन पुत्र ललित रघुवंशी 15 वर्ष एवं शिव पुत्र रामेश्वर रघुवंशी 14 वर्ष की मृत्यु हो गई थी। मामले में ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध धारा 106 (1) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है व प्रकरण कायमकर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि विवेचना दौरान ट्रैक्टर चालक के अलावा ट्रैक्टर ट्रॉली के मालिक की भी जिम्मेदारी तयकर विधि अनुसार कार्यवाही की जाएगी। धान से भरी ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस थाने में खड़ा कराया गया है।

### दो मौतों के मामले में भी प्रकरण किए पंजीबद्ध

पुलिस ने बताया कि गुलौन गांव के समीप रोड के एक मोड़ पर ग्राम सेमरीहरचंद में गत दिनों एक सड़क दुर्घटना हुई थी। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी। मामले में कार क्रमांक एमपी 04 जेडजी 8559 के चालक के विरुद्ध धारा 106 (1) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत प्रकरण गत दिवस दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## न्यायालय के परिसर में आरोपी ने खाया जहरीला पदार्थ, हड़कंप मचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

पिपरिया की ग्राम पंचायत सिलारीकि निवासी सुनीता पति छन्नू लाल कहार ने मंगलवारा थाने में अड़ीबाजी की शिकायत की। थानाप्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि आदतन अपराधी छोटू पिता कमल वाथरे के खिलाफ सुनीता बाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें उसकी मछली बेंचने की दुकान पर आकर जबरजस्ती अड़ीबाजी करते हुए पैसे की मांग की है साथ ही दुकान पर आग लगा दी थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को पुलिस हिरासत में लिया गया।

प्रकरण दर्ज करने के बाद वाथरे को पुलिस अधिकारी के द्वारा




न्यायालय में पेश किया जा रहा था। कि अचानक आरोपी ने परिसर में ही कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसमें हड़कंप मच गया। पुलिस ने तत्काल आरोपी को 112 नंबर के माध्यम से सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। आरोपी पर कई मामले दर्ज हैं एवं जिला बदर की कार्रवाई भी हुई है।

## ऑडिटोरियम की दूसरी मंजिल से गिरा युवक, प्रेम प्रसंग के चलते की मारपीट और हंगामे की खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

रविवार को ऑडिटोरियम की दूसरी मंजिल से एक युवक नीचे गिर गया। घायल युवक मालवीयगंज निवासी हर्ष चौरे है। घटना के बाद ऑडिटोरियम परिसर में भारी हंगामा हुआ और दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट भी हुई। युवक का उपचार शासकीय अस्पताल में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, ऑडिटोरियम में विद्यार्थी परिषद का एक कार्यक्रम आयोजित होना था। इसी दौरान हर्ष चौरे वहां मौजूद अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंचा था। बताया जा रहा है कि दोनों जब आपस में बातचीत कर रहे थे, तभी



किसी ने लड़की के परिजनों को इसकी सूचना दे दी।

सूचना मिलते ही लड़की के परिजन मौके पर पहुंचे, जहां उनका हर्ष से विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि हर्ष के साथ मारपीट शुरू हो गई। खबर मिलते ही हर्ष के परिजन भी ऑडिटोरियम पहुंच गए। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर धक्का-मुक्की और मारपीट हुई, जिससे वहां मौजूद लोगों में दहशत फैल गई, इसी बीच हर्ष ऑडिटोरियम से नीचे गिर गया।

टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने कहा कि दोनों पक्षों में मारपीट हुई। उसके सिर के पिछले हिस्से में करीब तीन इंच का कट लगा है और खून बह गया है। युवक पसली में दर्द होने का भी बता रहा है, सीटी स्कैन के बाद स्थिति साफ होगी। फिलहाल उसकी हालत स्थिर है। घायल हर्ष चौरे का कहना है कि उसे लड़की के परिजनों ने जानबूझकर पहली मंजिल से धक्का दिया है। वहीं, मौके पर मौजूद कुछ लोगों का कहना है कि युवक ने खुद ही ऊपर से छलांग लगा दी।

## सोहागपुर में श्रीराम कथा का विश्राम, किया प्रसादी वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

श्री शम्भू दरबार पलाश परिसर में हुई सात दिवसीय श्रीराम कथा का समापन सोमवार को हुआ। इस दौरान महाआरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। पं. प्रकाश मुदगल एवं पं. मधुसूदन मुदगल ने बताया कि प्रतिदिन हनुमत द्वार पीठाधीश्वर जगद्गुरू रामानंदाचार्य स्वामी धीरेन्द्राचार्य महाराज चित्रकूट धाम द्वारा कथा वाचन किया गया। सोमवार को विश्राम दिवस की कथा श्रीराम राज्याभिषेक के साथ पूर्ण हुई। आयोजन में डॉ. प्रज्ञा भारती, महेन्द्रानंद महाराज, आचार्य अविनाश मिश्रा, बालकदास महाराज, श्रीहरि शरणम् महाराज की विशेष उपस्थिति रही।

विश्राम दिवस पर मानस भवन भोपाल से डॉ. देवेंद्र रावत, पूर्व विधायकगण गिरिजाशंकर शर्मा व हरि भैया जायसवाल आदि अतिथियों का आगमन हुआ। सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल,सहित नागरिकों ने महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### रेल्वे स्टेशन पर ऑटो स्टैंड के सुझाव पर हुआ अमल

## जेडआरयूसीसी सदस्य ने परखीं स्टेशन की व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

पश्चिम मध्य रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य योगेंद्र सिंह राजपूत ने सोमवार को इटारसी रेलवे स्टेशन और स्टेशन रोड का सघन निरीक्षण किया। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ किए गए इस दौरे में उन्होंने यात्री सुविधाओं, स्टेशन परिसर की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था जायजा लिया।

### निरीक्षण की मुख्य बातें, ऑटो स्टैंड की नई व्यवस्था

राजपूत ने बताया कि उन्होंने पूर्व में कार पार्किंग के समीप ऑटो स्टैंड बनाने का प्रस्ताव दिया था, जिसे रेलवे प्रशासन ने स्वीकार कर शुरू कर दिया है। अब स्टेशन के सामने ऑटो व्यवस्थित रूप से खड़े होने



पर जाम से राहत मिली है।

**सड़क सुधार के निर्देश:** स्टेशन के सामने की मुख्य सड़क की स्थिति और पार्किंग व्यवस्था को और अधिक सुचारू बनाने के लिए उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**अधिकारियों का आश्वासन:** मौके पर मौजूद रेल अधिकारियों ने जेडआरयूसीसी सदस्य द्वारा बताई गई समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके त्वरित निराकरण का भरोसा दिलाया।

इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहे कार्यों के बीच यात्रियों को सुलभ और सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराना रहा।

## सोहागपुर नगर में माधव बस्ती का हिंदू सम्मेलन हुआ संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर शहर के मुख्य बाजार स्थित काली मंदिर परिसर में गत दिवस विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें हजारों सनातनी उपस्थित रहे। इस तरह सोहागपुर शहर में तय दोनों हिंदू सम्मेलन संपन्न हो गए हैं।

रविवार को हिंदू सम्मेलन सोहागपुर शहर की माधव बस्ती क्षेत्र में किया गया जिसके लिये सर्वप्रथम कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद हुए मंचीय कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रूप में विभाग शारीरिक प्रमुख सतीश चौकसे उपस्थित थे। अन्य अतिथियों के रूप में महंत हरकिशन दास, चौधरी राजेंद्र सिंह, चित्रा तिवारी, स्वामी आलोक जैन, कन्नूलाल अग्रवाल सहित गायत्री परिवार सदस्य उपस्थित रहे।

हिंदू सम्मेलन की प्रस्तावना अधिवक्ता शिवकुमार पटेल ने रखी। महंत हरकिशन दास ने कहा कि बांग्लादेश एवं पाकिस्तान में हिंदुओं पर अत्याचार जैसी घटनाओं से बचने के लिए हिंदुओं को संगठित होना होगा।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने पीएचई की जल परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण किया



**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कार्यालय में संचालित जल परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रयोगशाला में प्राप्त होने वाले पेयजल के नमूनों के जाँच की प्रक्रिया देखी। साथ ही जाँच में पेयजल अशुद्ध पाए जाने की स्थिति में अपनाए जाने वाले उपायों की जानकारी ली। जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित नल जल योजनाओं के संचालन की स्थिति पर भी कलेक्टर ने विभाग को सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। यहां संचालित कॉल सेंटर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीणों से दूरभाष पर सम्पर्क कर योजनाओं के संचालन की स्थिति का फीडबैक प्राप्त किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों से प्राप्त होने वाली पेयजल संबंधी शिकायतों का भी तुरन्त निराकरण किया जाए। इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री बीआर उइके भी मौजूद थे।

### शासकीय उद्योनिकी कार्यालय में पसरा रहता है सन्नाटा




**झिरन्या।** स्थानीय शासकीय उद्योनिकी एवं खाद्ध प्रसंस्करण कार्यालय में आए दिन सन्नाटा पसरा रहता है और हितग्राही परेशान होते रहते हैं। सोमवार को भी कमोबेश ऐसी ही स्थिति मिली, जब हितग्राही परेशान होते हुए दिखाई दिए। गौरतलब है कि जनपद पंचायत भवन की ऊपरी मंजिल पर उक्त कार्यालय संचालित हो रहा है। जहां प्रवेश करते ही हाल में लगी टेबल-कुर्सियां आए दिन खाली रहती है थी, जिन पर कभी कभार ही अधिकारी बैठते हैं जब वे खरगोन से आते हैं। इस स्थिति में हितग्राही परेशान होकर वापस लौट जाते हैं। यह बात और है कि अन्य कर्मचारी उनकी समस्या हल कटे हैं, लेकिन सोमवार को कक्ष में बबलू तड़ोले नामक कर्मी ही उपस्थित था। एक ऐसे ही हितग्राही ने जनपद परिसर में बताया कि दीपावली के आसपास उनका मस्टर बनाया गया था, लेकिन अभी मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है। उद्धानिकी अधिकारी राजेन्द्रसिंह सोलंकी का कहना है कि उन्हें कार्यालय में किसान शासकीय कार्य नहीं करने देते हैं। इसलिए उन्हें जब अधिक काम रहता है तो वे अपने निवास पर आ जाते हैं।

## गुर्जर नारी शक्ति का महाकुंभ, सामाजिक क्रांति का किया उद्घोष

# गुर्जर महिलाएं अब घर की चौखट लांघकर समाज सेवा व नेतृत्व के शिखर की ओर अग्रसर: अर्चना






हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

नगर के गुर्जर छात्रावास परिसर में रविवार को श्री भुआणा प्रांतीय गुर्जर महिला सम्मेलन के माध्यम से समूचे प्रदेश की गुर्जर मातृशक्ति एक जाजम पर एकत्रित हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ महासभा उपाध्यक्ष व खिरकिया नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष यशोदा दुर्गादास पाटिल की अध्यक्षता में हुआ। सुबह से ही केसरिया उत्साह और उल्लास से सराबोर था। जब वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्वलन हुआ, तो पूरा परिसर सकारात्मक ऊर्जा से भर गया।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक डॉ. आरके दोगने ने गुर्जर समाज की महिलाओं की ऊर्जा की प्रशंसा करते हुए कहा कि गुर्जर समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। आज इस समाज की बेटियां व महिलाएं शिक्षा और राजनीति से लेकर हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। समाज की असली प्रगति महिलाओं की उन्नति में ही निहित है। गुर्जर महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना पटेल ने अपने जोशीले संबोधन में कहा कि गुर्जर महिलाएं अब घर की चौखट लांघकर समाज सेवा और नेतृत्व के शिखर की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने जोर दिया कि एकता ही वह सूत्र है जिससे समाज को नई ऊंचाईयों पर ले जाया जा सकता है।

### सामाजिक कुरीतियों पर कड़ा प्रहार

सम्मेलन का मुख्य केंद्र बिंदु सामाजिक सुधार रहा। वक्ताओं ने एक स्वर में समाज में व्याप्त रूढ़ियों और कुरीतियों को जड़ से मिटाने का आह्वान किया।कुरीतियों के अंत पर विशेष फोकस किया गया।मृत्यु भोज, पर्दा प्रथा और फिजूलखर्ची जैसी सामाजिक बुराइयों को त्यागने पर विशेष चर्चा हुई। शिक्षा और संस्कार पर चर्चा करते हुए सचिव श्रीमती भारती इंगले ने भावुक अपील करते हुए कहा कि एक शिक्षित महिला पूरे परिवार और पीढ़ी को शिक्षित करती है।उन्होंने नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने और आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ अपनी संस्कृति से जोड़े रखने पर बल दिया।आत्मनिर्भरता की बात करते हुए उपाध्यक्ष सुभद्रा रानवे एवं सुनीता पाटिल ने महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकें।

### सांस्कृतिक वैभव और सम्मान

सम्मेलन के दौरान गुर्जर समाज की समृद्ध संस्कृति की झलक भी देखने को मिली। समाज की बालिकाओं और महिलाओं द्वारा दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों और समाज की कर्मठ कार्यकर्ता महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन भारती इंगले द्वारा किया गया। यह सम्मेलन इस बात का प्रतीक बना कि गुर्जर समाज अब विकास की नई राह पर चल पड़ा है, जहाँ महिलाएं केवल अनुगामी नहीं बल्कि मार्गदर्शक की भूमिका में हैं।इस महाकुंभ में प्रदेश के कोने-कोने से गुर्जर समाज की दिग्गज नेत्रियां शामिल हुईं। मंच पर महासभा उपाध्यक्ष यशोदा दुर्गादास पाटिल, हरदा से लाजवंती गुर्जर, सनावद से आरती पाटिल, नसरुल्लागंज-भैरूदा से वर्षा दोगने, रन्हाई से सुप्रिया पटेल, राजकुमारी मुकाती, खिरकिया उपाध्यक्ष संध्या करोड़े, सिवनी से अरुणा दुबले, टिमरनी से आशा छापरे, और छनेरा सहित अनेक क्षेत्रों की महिला शक्ति मौजूद रही।

## पंचायत सचिव की मौत मामले में पंचायत सचिव-सहायक सचिव संयुक्त मोर्चा ने ज्ञापन सौंपा




**हरदा।** मध्यप्रदेश पंचायत सचिव-सहायक सचिव संयुक्त मोर्चा ने सोमवार को अपनी मांगों को लेकर हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन को एक ज्ञापन सौंपा। संगठन ने जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ के खिलाफ न्यायिक जांच और हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की। संगठन अध्यक्ष भगत लेगा ने बताया कि उनके साथी ग्राम पंचायत सचिव ओमप्रकाश गुर्जर की मौत जांच समिति की प्रताड़ना के कारण हुई है। सचिव संघ का आरोप है कि अतिरिक्त सीईओ प्रवीण कुमार इवने ने आर्थिक और मानसिक दबाव बनाया था, जिसके चलते यह घटना हुई।

ज्ञापन में ग्राम पंचायत पलासनेर के शिकायतकर्ता नारायण गुर्जर, अजय मिश्रा और पत्रकारों राजेंद्र कुमार बिल्लोरे तथा अमित बिले पर भी मानसिक दबाव बनाने का आरोप लगाया गया है। संघ ने इन शिकायतकर्ताओं के खिलाफ भी उचित कार्रवाई और हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग की। सचिव संघ ने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण कुमार इवने का हरदा जिले से अन्यत्र स्थानांतरण करने की भी मांग की है। संगठन ने जिले में सक्रिय फर्जी पत्रकारों और आरटीआई कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम पंचायतों से अवैध वसूली का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूट्यूबर और वॉट्सऐप ग्रुप वाले कथित पत्रकार पंचायतों के कार्यों को प्रभावित कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, सीएम हेल्पलाइन और ग्रेडिंग के अनावश्यक दबाव को समाप्त करने की भी मांग की गई है। भगत लेगा ने बताया कि सचिव संघ तीन दिन के सामूहिक अवकाश पर रहेगा, जिसे 'कलमबंद हड़ताल' कहा गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तीन दिनों के भीतर विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, तो समस्त कर्मचारी अनिश्चितकालीन कलमबंद काम बंद कर देंगे और पंचायती के सभी कार्य रोक दिए जाएंगे। इधर, पत्रकारों ने भी सोमवार को एसपी ओर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की। पत्रकारों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि ग्राम पंचायत पलासनेर की सरपंच झूठे आरोप लगा रही हैं, जो भी शिकायत की गई है उस पर निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए, ताकि वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सके।

## खाटू श्याम महाकीर्तन हुआ

### गायिका निहारिका के सुमधुर भजनों ने देर रात तक बांधे रखा



**झिरन्या।** खाटू श्याम महाकीर्तन में नागपुर की प्रसिद्ध भजन गायिका निहारिका पुरोहित के सुमधुर-भजनों ने श्याम प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान वे भक्ति-रस में डूबकर खूब थिरके और शीत ऋतु में भी देर रात तक उन्हें श्याम-भजनों ने बांधे रखा। यह श्याम समिति द्वारा आयोजित छठवां आयोजन था, जिसमें निमाड़ अंचल सहित अन्य जिलों से श्याम-प्रेमियों ने शिरकत की थी। श्याम प्रेमियों ने भजनों का भरपूर आनंद प्राप्त किया। जिसमें गायिका निहारिका के भजनों में बाबा आज थाने आनो है और श्याम बाबा तेरे पास आया हूँ चरणों में तेरे अरदास लाया हूं की प्रस्तुतियों पर श्रोताओं ने झूमके अपनी भक्ति-भावना को व्यक्त किया।

इसके अलावा शुभम तारे (खरगोन) और गायक अजय शर्मा एवं विकास शर्मा (झिरन्या) के श्याम-भजनों ने भी खूब तालियों से वाही-वाही लूटी। इस आयोजन में भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। जिसमें सावन म्यूजिकल ग्रुप खरगोन ने संगीत दिया और ब्रहमपुर नरेश दल द्वारा दरबार-सेवा में अग्रणी भूमिका निभाई गई। इस आयोजन में बाबा खाटू श्याम का अलौकिक श्रृंगार कराया गया। वहीं अखंड ज्योत एवं छप्पन भोग और ईत्र-केसर की पुष्प वर्षा भी की गई। इस दौरान भाजपा ज़िलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, जनपद उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल और भाजपा मंडल चिरीया अध्यक्ष अजमल नायक सहित भारी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे। समिति के प्रमुख-प्रेमियों में लखन मंडलोई, प्रेमसिंह चौहान, पीयूष गंगराड़े, नित्तल पटेल, सुधीर यादव, प्रतीक ठाकुर और अंतिम गुप्ता ने आयोजन सफल बनाने पर आभार व्यक्त किया।

## ग्राम कपासी में हुआ विवाद

### दो नामजद सहित आठ अन्य के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज



**रहटगांव।** रहटगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कपासी में रविवार शाम तीन युवकों के साथ मारपीट की गई। इस मामले में रहटगांव थाने में दो नामजद सहित आठ अन्य लोगों के खिलाफ मारपीट और एससी-एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पीड़ित युवक राजेश भुसारे, निवासी कपासी, ने बताया कि वह अपने दोस्त मनोज उइके और सुदामा धुर्वे के साथ अपने खेत में बैठा था। इसी दौरान दो युवक बाइक से तीन-चार बार खेत के सामने से निकले। जब राजेश ने उन्हें रोककर बार-बार निकलने का कारण पूछा, तो उन्होंने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार, दोनों आरोपियों में से एक ने मोबाइल पर फोन कर कुछ और लोगों को बुलाया। इसके बाद तीन-चार कारों में भरकर आए आठ अन्य युवकों ने भी उनके साथ हाथापाई की। आरोपियों ने उनसे माफी भी मंगवाई। इस मामले को लेकर एएसपी अमित मिश्रा ने बताया कि पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर टिमरनी निवासी योगेंद्र मौर्य, टेमागांव निवासी श्री साहब और अन्य आठ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### आज से जिला पंचायत में होगी जनसुनवाई

**हरदा।** शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाला जनसुनवाई कार्यक्रम अब 20 जनवरी से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। इस जनसुनवाई में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और कलेक्टर उपस्थित रहकर आम जनता की समस्याओं, शिकायतों और आवेदनों का निराकरण करेंगे। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए निर्धारित समय पर जिला पंचायत सभाकक्ष पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

## हिन्दू सम्मेलन से पहले शोभायात्रा का जगह-जगह फूल बरसा कर स्वागत हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

खमगांव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में रहटगांव में सोमवार को हिंदू सम्मेलन एवं सहभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में महिलाएं महिलाओं बालिकाओं युवाओं और पुरुषों के बड़ी संख्या में सहभागिता कर धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता का परिचय दिया। डीजे बैंड बाजे एवं साधु संतों के साथ कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए जहां सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

वहां पहुंची यात्रा के दौरान जय श्री राम के उद्घोस से पूरा नगर भक्ति रस में सरोवर हो गया। वातावरण पूरी तरह धार्मिक बन गया। शोभायात्रा का जगह-जगह फूल बरसा कर स्वागत भी किया गया। विशाल हिंदू समाज सम्मेलन में खमगांव,कासरनी, आमसागर, धनपाड़ा, शिंदखेडा, कनगांव, एवं सिंगनपुर, की समस्त सकल सर्व हिंदू बंधु शामिल होकर इस सम्मेलन को सफल बनाया सम्मेलन के पश्चात सहभोज का आयोजन किया गया। सभी ने एक साथ बैठकर सहभोज किया। आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में साधु संतों का वक्ताओं ने सनातन संस्कृति की गौरवशाली परंपरा सामाजिक समरसता पारिवारिक मूल्य और नैतिक आचरण पर अपने विचार रखें इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी समरसता एकता और संस्कृति चेतना को मजबूत करना है। साथ ही पारिवारिक और सामाजिक मूल्यों को पुनर्स्थापित करना तथा समाज में बढ़ते सामाजिक दूरी पारिवारिक विघटनऔर भी कई मुद्दों को लेकर हिंदू समाज का सम्मेलन आयोजित गया किया। आयोजन किसी भी राजनीति को उद्देश्य से नहीं है बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना जागृत करना इसका मूल उद्देश्य है। समापन के अवसर पर भारत माता की सामूहिक, संगीतमय हनुमान चालीसा, आरती भजन और प्रार्थना के साथ शांति सद्भाव एवं राष्ट्र उन्नति की कामना की गई। कार्यक्रम में 07 नगर सहित आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। आयोजन हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति सकल हिंदू समाज एवं ग्राम वासी हिंदू परिवारों के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ।

## कथा श्रवण करने से पाप के साथ-साथ कलयुग की आयु की क्षीण होती है : अभिषेक शर्मा



**रहटगांव।** सिद्ध श्री खेड़ापति माता मंदिर समिति रहटगांव द्वारा सार्वजनिक सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ हुई। गणेश मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई, जो नगर भ्रमण के उपरांत कथास्थल, खेड़ापति माता मंदिर पर पहुंची। पंडित अभिषेक शर्मा ने पूजन के उपरांत संगीतमय कथा का शुभारंभ किया गया। उन्होंने कथा को विस्तार देते हुए कहा कि कथा श्रवण करने से पाप के साथ साथ कलियुग की आयु की क्षीण होती हैं। उन्होंने नारद जी के द्वारा पृथ्वी भ्रमण कर ज्ञान भक्ति वैराग्य को श्रीमद् भागवत कथा सुना करके आनंद तट गंगा जी के किनार पर ले जाकर के सप्ताह परायण की विधि से कथा सुनाई और ज्ञान वैराग्य को जागृत किया। साथ ही नारद जी के आशीर्वाद से कलयुग में हर भक्त के हृदय में भक्ति की स्थापना करने का आशीर्वाद भी दिया। इस कथा के दौरान उन्होंने आत्म देव ब्राह्मण की कथा सुनाई। जिनको पुत्र की इच्छा थी, आज के वर्तमान समय में लोकेषण ना वितेषना और पुत्रेषणा के लिए हर व्यक्ति लालाहित है। किंतु भगवान के यहां से जो भी प्राप्त होता है वह उनकी इच्छा से होता है। इस दौरान विभिन्न सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई।

## आज आयोजित होगी संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता

# खेलो एमपी यूथ गेम्स : फुटबॉल, क्रिकेट कबड्डी व शतरंज प्रतियोगिता आयोजित हुईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिला खेल और युवा कल्याण विभाग हरदा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय खेलो मप्र यूथ गेम्स के तहत सोमवार को फुटबॉल, क्रिकेट, बालिका वर्ग कबड्डी एवं शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गईं। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल, कबड्डी फेडरेशन के जिला अध्यक्ष रामजीवन गोदारा, क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट, ब्लॉक समन्वयक सलमा खान व कोच मेहमूद कुरेशी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।



जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता बालिका वर्ग में प्रथम स्थान सोनिया झिंझोरे, दूसरा स्थान मसिरा खान, तीसरा स्थान लाविना बाक्सला व चतुर्थ स्थान त्रिवेणी बाघमारे ने प्राप्त किया। इसी प्रकार बालक वर्ग में प्रथम स्थान आर्जव जैन, दूसरा स्थान निर्वाण जैन, तीसरा स्थान यश पचौरी व चतुर्थ स्थान यश शर्मा ने प्राप्त किया। बालिका क्रिकेट लेदर बॉल में 15 बालिका, कबड्डी खेल में हरदा, खिरकिया व टिमरनी ब्लॉक से 14 बालक व 14 बालिका फुटबॉल में 15 बालक व 15 बालिकाओं का चयन किया गया। सभी खिलाड़ी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। शतरंज के चयनित 4 बालिका व 4 बालक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

सुश्री खान ने बताया कि 20 जनवरी को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में हरदा जिले के टेबल टेनिस व जूड़ो के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उन्होने बताया कि 20 जनवरी मंगलवार को हरदा जिले में संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित होगी, जिसमें बैतूल, नर्मदापुरम और हरदा के पहलवान शामिल होंगे। सभी प्रतियोगिता फेडरेशन के सचिव पीसी पोर्ते, मनमोहन कुशवाहा, राजेश बिलिया, मनीष प्रजापति, राजकुमार चंदेल, चंदन संगुले, अमीषा मालवीय, हीना अली, संदीप जाट, इमरान खान, अनंत यादव, राजकुमार गौर, विकास सोलंकी ने सहयोग कर सम्पन्न कराई।

## हरदा में होगा पहला इंटरनेशनल चेस टूर्नामेंट, कलेक्टर ने ली बैठक



**हरदा।** आगामी 24 जनवरी को जिले का पहला इंटरनेशनल चेस टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट हरदा जिला शतरंज संगठन के तत्वावधान में इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के अनुरूप संपन्न होगा, जिसमें देश-प्रदेश सहित विभिन्न स्थानों के ख्यातिप्राप्त और रेटेड खिलाड़ी अपने खेल का जौहर दिखाएंगे।

इस टूर्नामेंट की तिथि शतरंज फेडरेशन द्वारा 24 जनवरी निर्धारित की गई है। संगठन के संरक्षक कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन क्षेत्र की उभरती प्रतिभाओं के लिए एक सुनहरा अवसर होगा, जहां खिलाड़ी अपने ही जिले में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। जैन ने समिति के सदस्यों से अभी तक चल रही गतिविधियों पर जानकारी ली । साथ ही विभिन्न दायित्वों का निर्धारण किया गया। विभिन्न व्यवस्थाओं पर प्रभावी नियुक्त की बात कही। मीडिया प्रभारी रोहित तिवारी ने बताया कि यह इंटरनेशनल चेस टूर्नामेंट 24 जनवरी राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं को समर्पित रहेगा। इसमें बड़ी संख्या में बालिकाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिले एवं आसपास के विद्यालयों और महाविद्यालयों से संपर्क कर उन्हें प्रेरित किया जाएगा। जिला शतरंज संगठन के सचिव पी सी पोर्ते ने बताया कि साथ ही खिलाड़ियों के खेल स्तर को बेहतर बनाने हेतु पूर्व में प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। साथ ही वालेंटियर्स को भी ट्रेनिंग भी दी जायेगी। टूर्नामेंट में 1,51,000 की प्राइज मनी विभिन्न कैटेगरी में प्रदान की जाएगी।